भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1107**
उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
सोमवार, 21 माघ 1946 (शक)

देश में भारतीय कौशल संस्थान की स्थापना

1107. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो कर्नाटक सहित राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) संस्थानों के लिए आवंटित/स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने दावणगेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उपर्युक्त संस्थान के लिए स्थानों की पहचान की है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार इन संस्थानों को पीपीपी मॉडल के तहत स्थापित करने की योजना बना रही है; और

(छ) यदि हां, तो ब्यौरा क्या है और इन्हें कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (छ): भारत सरकार ने देश में तीन स्थानों अर्थात मुंबई, कानपुर और अहमदाबाद में पीपीपी मॉडल में भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) स्थापित करने को स्वीकृति दी है। इन संस्थानों की अवधारणा कौशल सीखने के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले उम्मीदवारों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को लाने के लिए की गई है। अभी तक, नए आईआईएस स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

टाटा एजुकेशन एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट (टीईडीटी) को प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से आईआईएस-मुंबई और आईआईएस-अहमदाबाद के संबंध में निजी भागीदार के रूप में चुना गया है। आईआईएस-कानपुर के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई। टीईडीटी ने आईआईएस-मुंबई और आईआईएस-अहमदाबाद के संचालन और प्रबंधन के लिए एक गैर-लाभकारी कंपनी अर्थात टाटा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स (टीआईआईएस) की स्थापना की है। मुंबई और अहमदाबाद में आईआईएस की स्थापना के लिए भूमि क्रमशः भारत सरकार और गुजरात सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई थी और परिचालन व्यय टाटा आईआईएस द्वारा वहन किया जाता है। मुंबई और अहमदाबाद में आईआईएस का पहला चरण पूरा हो चुका है। अधिक आईआईएस की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****